प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.12.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

मुख्यमंत्री—भेंट

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। शिमला में उनसे मिलने आए पांगी क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए पांगी के लोगों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पांगी के किसान और बागवान उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं और प्रदेश सरकार ने पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगाए जाने वाले जौ का समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया जिसपर उन्होंने सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में आज से 9 दिवसीय विंटर कार्निवाल का आगाज होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बाद दोपहर कार्निवल का विधिवत शुभारंभ करेंगे। कार्निवाल के दौरान आज प्रदेश के 12 जिलों से आए कलाकार सांस्कृतिक परेड निकालेगें जबकि महिलाओं की महानाटी आकर्षण का केंद्र रहेगी। विंटर कार्निवाल को लेकर शिमला के मॉलरोड व रिज मैदान को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में अटल स्मृति वर्ष के तहत कल 25 दिसबर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिदंल के अनुसार 31 दिसबंर तक ये कार्यक्रम प्रदेश भर में विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रमों के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की सोच को जन—जन तक पहुंचाया जायेगा। राजीव बिंदल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अटल स्मृति वर्ष के कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आहवान किया है।

पर्यटन

क्रिसमस व नए साल के जश्न के लिए अन्य राज्यों से पर्यटक प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पहुंचने लगे हैं। कुल्लू जिला इन दिनों सैलानियों से गुलजार है और आपदा के बाद सुस्त पड़े पर्यटन कारोबार में बहार लौटने से पर्यटन व्यवासियो ने राहत की सांस ली।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और देश के खेल ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक इंटर्नशिप नीति शुरु की है। इसके अंतर्गत कॉलेज और विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों में इंटर्नशिप दी जाएगी ताकि उन्हें खेल प्रशासन, संचालन और इससे जुड़े क्षेत्रों का अनुभव प्राप्त हो सके। इस पहल का उद्देश्य खेल विज्ञान, डोपिंग–रोधी उपायों, इवेंट मैनेजमेंट और एथलीट सहायता सेवाओं के क्षेत्र में प्रतिभाएं तैयार करना है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इस पहल से युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और वे खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में साफ मौसम के बावजूद शुष्क ठंड पड़ रही है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में सुबह–शाम कोहरा पड़ने से रात के समय ठंड में वृद्धि दर्ज की जा रही है। हालांकि दिन के समय तेज धूप निकलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। पिछले लंबे समय से बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे की स्थिति बन गई है जिससे किसान–बागवान चिंतित हैं। मौसम विभाग ने 28 व 29 दिसंबर को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है।